an>

Title: Need to fix the Minimum Support Price of pulses at Rs. 60 per kg for the benefit of farmers.

श्री मुकेश राजपूत (फरूखाबाद) : अध्यक्ष महोदया, आज आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। ...(व्यवधान) भारत कृषि प्रधान देश है। इस कृषि प्रधान देश में दालों की बहुत बड़ी समस्या है। रोज समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात होता है कि दाल 200 रूपए प्रति किलो पहुंच गई है। आज दालों के दाम आसमान छू रहे हैं। हमारे देश का अन्नदाता दलहन उत्पादन नहीं कर रहा है, क्योंकि उनको उनकी उपज का वाजिब दाम नहीं मिल रहा है। किसानों की दलहन की फसल की अधिक से अधिक दाम 20 रूपये से 25 रूपये प्रति किलो के हिसाब से मंडी में मिलते हैं, हमारा आपके माध्यम से सरकार से कहना है कि यदि भारत सरकार दाल के दाम 60 रूपये से 70 रूपये प्रति किलो कर दे तो हमारे देश के किसान दाल का उत्पादन ज्यादा करेंगे और हमारे देश में दाल का उत्पादन ज्यादा होगा। जो पैसा हमारे देश से बाहर जाता है, हमें दाल आयात करनी पड़ती है, इससे हमारे देश के किसान मजबूत होंगे और देश का पैसा बाहर नहीं जायेगा, यह ज्यादा सही होगा। हमारा आपके माध्यम से सरकार से यह निवेदन है।

माननीय अध्यक्ष :

श्री केशव प्रसाद मौर्य,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री शिवकुमार उदासि,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

श्री पी.पी.चौधरी को श्री मुकेश राजपूत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।